# अग्निकांड आरईएस सीधी की जांच पड़ी ठंडी

## मुख्य अभियंता आरईएस परिक्षेत्र जबलपुर के आदेश पर अधीक्षण यंत्री रीवा द्वारा वर्षों बाद शुरू हुई अग्निकांड की जांच को महीनों से ईई कार्यालय की रिपोर्ट का इंतजार

नवभारत फाओअप नवभारत

**सीधी 21 मई। मुख्य अभियंता आरईएस परिक्षेत्र जबलपुर के आदेश पर अधीक्षण यंत्री रीवा द्वारा वर्षों बाद शुरू हुई अग्निकांड की जांच को महीनों से ईई कार्यालय की रिपोर्ट का इंतजार है। अग्निकांड आरईएस सीधी की जांच ठंडी पड़ी हुई है।**



आरईएस अग्निकांड : शिकायतकर्ता के प्रस्तुत साक्ष्य और तथ्य पर होगी जांच!

अधीक्षण यंत्री की मांग पर आरईएस अग्निकांड के शिकायतकर्ता द्वारा कार्यपालन यंत्री को साक्ष्य और तथ्य सहित दिए गए आवेदन पर निष्पक्ष जांच हुई तो दोषी तक पहुंचेगी आंच

तत्कालीन ईई का भी होना चाहिए कथन

इन बिन्दुओं की भी होनी चाहिए जांच

इनका कहना है

गौरतलब है कि कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कार्यालय सीधी में करीब 2 वर्ष पहले हुये करोड़ों के भ्रष्टाचार से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं चेक, डीडी, तकनीकी स्वीकृत, प्रशासकीय स्वीकृत एवं मांग पुस्तिका में तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय के द्वारा षणयंत्रपूर्वक आग लगाकर नष्ट करा दिया गया था।

उक्त आगजनी की घटना के विभिन्न मीडिया में प्रसारित एवं प्रकाशित खबरों के साथ मिले साक्ष्य के आधार पर सामाजिक कार्यकर्ता ए.एन.सिंह पड़ैनिया सीधी द्वारा मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल सहित अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मंडल रीवा, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी से लिखित शिकायत की गई। जिस पर जांच तो शुरू हुई लेकिन वर्षों बाद भी रिपोर्ट नहीं आ सकी।

### निष्पक्ष जांच रिपोर्ट बनी तो होगा बड़ा खुलासा

आरईएस अग्निकांड की निष्पक्ष जांच रिपोर्ट बनी तो बड़े घोटाला का खुलासा होगा। सूत्रों का कहना है कि घटना से संबंधित वीडियो, जले हुये दस्तावेज एवं समाचार पत्रों की छायाप्रति सहित विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर जांच रिपोर्ट बनी तो बड़ा घोटाले का खुलासा होने के साथ ही दोषी तो जांच की आंच पहुंचनी तय है। इसी वजह से जांच रिपोर्ट सामने न आये, इसके पर्दे के पीछे से तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं।

### अग्निकांड में नष्ट किए गए करोड़ों के घोटालों के दस्तावेज

आरईएस सीधी अग्निकांड में करोड़ों के घोटाले के दस्तावेजों को सुनियोजित तरीके से नष्ट किया गया है। इनमें भ्रष्टाचार से संबंधित करोड़ों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, चेक, डीडी, तकनीकी स्वीकृत, प्रशासकीय स्वीकृत एवं मांग पुस्तिका प्रमुख है। बताया जा रहा है कि जांच अधिकारियों द्वारा आरंभ से ही जांच में आये प्रमुख साक्ष्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसके चलते जो साक्ष्य मौजूद भी हैं उनकी उपयोगिता कम की जा रही है।

### इनका कहना है

मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा परिक्षेत्र जबलपुर के आदेश पर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन संविदा कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रभारी लेखापाल नीलेश पाण्डेय द्वारा कार्यालयीन दस्तावेज में आग लगाने की जांच कर जांच में शिकायतकर्ता ए.एन.सिंह द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तत्थ के आधार पर कार्यालय के रिकार्ड का मिलान करा जांच रिपोर्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन आज तक ईई आरईएस कार्यालय सीधी द्वारा रिपोर्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत नही करने को लेकर पत्र लिखकर जबाब मांगा जायेगा।

**अनिल निगम, अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मंडल रीवा**

अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मंडल रीवा के द्वारा जांच के दौरान दिये गये निर्देश अनुसार शिकायत से संबंधित दस्तावेज एफडीआर की उपलब्धता के मिलान हेतु तत्कालीन संभागीय लेखा अधिकारी सीधी के नेतृत्व में 3 सदस्यीय दल गठित किया गया था। गठित दल को पत्र लिखकर जानकारी समिति को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। संभागीय लेखा अधिकारी सीधी का स्थानांतरण होने के कारण जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नही हो पाई है। नये पदस्थ संभागीय लेखा अधिकारी सीधी सहित गठित दल को जानकारी प्रस्तुत करने पत्र लिखा जायेगा।

**सी.एल.साकेत, कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी**



# जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता : विकास

## कलेक्टर ने जैविक संसाधन केन्द्र का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 मई। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में कलेक्टर विकास मिश्रा ने सीधी विकासखंड के ग्राम टीकटकला में एकीकृत कृषि क्लस्टर अंतर्गत संचालित जैविक संसाधन केन्द्र का विस्तृत निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में संचालित जैविक कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया तथा मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे जैविक उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। महिलाओं द्वारा तैयार जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी अर्क एवं वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) जैसे उत्पादों को देखकर उन्होंने उनके प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से संवाद कर इन उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, उपयोगिता और किसानों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के दुष्प्रभाव को देखते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि जैविक संसाधन केन्द्र के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जाए, ताकि वे प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाकर कृषि लागत कम करने के साथ उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकें। कलेक्टर ने इस पहल को और गति देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जैविक संसाधन केन्द्र द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु दुकान संचालन की अनुमति प्रदान की। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ, कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि महिलाओं द्वारा तैयार जैविक उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय में सक्रिय सहयोग सुनिश्चित किया जाए। केन्द्र के प्रभारी एवं आजीविका मिशन के अधिकारियों ने कलेक्टर को केन्द्र की उपलब्धियों और स्थानीय किसानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी दी। इस अवसर पर आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक अशोक पाण्डेय, आईएफसी नोडल मनोज मिश्रा, आईएफसी टीम, संसाधन केन्द्र का स्टाफ एवं स्व-सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

# समाज निर्माण में सैनिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : मिश्रा

## भूतपूर्व सैनिक चौपाल आयोजित, कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों को जनकल्याण अभियानों से जोड़ा

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 मई। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भूतपूर्व सैनिक चौपाल में जिले के भूतपूर्व सैनिकों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें जिले के विकास एवं जन कल्याणकारी अभियानों में सक्रिय सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया।**



कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण जिले के विकास कार्यों को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा कि सैनिक केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। चौपाल में कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, रोजगार सृजन, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि भूतपूर्व सैनिक अपने क्षेत्र के टीबी मरीजों के संपर्क में रहकर यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि उनका उपचार नियमित और सही तरीके से हो रहा है। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से निक्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य कुसमी क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं उपचार की निगरानी अत्यंत आवश्यक है जिसमें भूतपूर्व सैनिकों का सहयोग उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसी प्रकार गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, उनके परिवारों से सतत संवाद और पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों से आदिवासी छात्रावासों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने तथा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की निगरानी एवं मार्गदर्शन में सहयोग करने का आग्रह किया। साथ ही युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सैन्य सेवाओं के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर ने स्वरोजगार एवं स्थानीय रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी भूतपूर्व सैनिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक समाज में अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रेरक हैं। भूतपूर्व सैनिकों ने जिला प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे समाजहित में महत्व पूर्ण कदम बताया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, टीबी उन्मूलन, नशामुक्ति, युवाओं के मार्गदर्शन एवं रोजगार सृजन सहित विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं और अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग देने की सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव, वीर नारी, जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी एवं भूतपूर्व सैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सीधी विधायक ई-रिक्शा से पहुंची प्रशिक्षण महाअभियान में

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील से प्रेरणा लेते हुये आज विधानसभा क्षेत्री सीधी की विधायक श्रीमती रीती पाठक अपने आवास से ई-रिक्शा में सवार होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल होने के लिये पहुंची।**



दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण महाअभियान कुंवर अर्जुन सिंह तोरण द्वार सिंगरौली मार्ग में स्थित वैष्णवी गार्डन में आज से प्रारंभ हुआ है। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने यहां पहुंचकर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के पूर्व अपना पंजीयन कराया। सीधी विधायक के ई-रिक्शा में सवार होकर जाते देखकर लोगों में भी चर्चाएं होने लगी।

# पीएम जनमन एवं धरती आबा अभियान के तहत जनजातीय क्षेत्रों में विशेष जन चौपाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 मई। जनजातीय समुदायों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनमन एवं धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कुसमी विकासखंड के जनजातीय क्षेत्रों में विशेष जन चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।**



इन चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को सीधे सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत आमगांव के ग्राम बिड़ौरा में विशेष जन चौपाल आयोजित की गई, जिसमें बीआरसीसी एवं नोडल अधिकारी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका, राशन, पेंशन, रोजगार, पशुपालन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं, बुनियादी आवश्यकताओं एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा आश्वस्त किया कि प्राप्त मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर सीधे संवाद स्थापित किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## मृत युवक के परिजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**सीधी।** नहर दुर्घटना में मृत युवक के परिजन को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए उपखंड अधिकारी चुरहट/रामपुर नैकिन विकास कुमार आनंद द्वारा आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष यादव 25 वर्ष पिता रविनंदन यादव निवासी पड़खुरी की 17 मार्च 2026 को नहर में गिरने से मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना के उपरांत नियमानुसार प्रकरण का परीक्षण कर मृतक के निकटतम वारिस पत्नी निशा यादव के पक्ष में 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## प्री-मानसून मेंटनेंस के लिए 29 को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कमपनी लिमिटेड सीधी ने जानकारी दी है कि 220 केव्ही सब स्टेशन सीधी में प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य के चलते 29 मई शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बताया गया है कि 132/33 केव्ही 40 एमव्हीए भेल एक्स-एमईआर पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के लिए प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। इस दौरान 132/33 केव्ही 20 एमव्हीए जीईसी एक्स-एमईआर से जुड़े 33 केव्ही सेमरिया, सिहावल एवं मड़वास फीडर बंद रहेंगे, जिससे संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में चुरहट की सभी मेडिकल दुकानें बंद

नवभारत न्यूज

**चुरहट 21 मई। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन के आह्वान पर बुधवार 20 मई को चुरहट नगर में दवा व्यापारियों ने पूर्ण रूप से अपनी मेडिकल दुकानें बंद रखीं। सीधी जिले के साथ-साथ चुरहट में भी सभी दवा विक्रेताओं ने बंद का समर्थन करते हुए पूरे दिन प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया।**



दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है तथा नकली दवाइयों के प्रसार का खतरा भी बढ़ रहा है। व्यापारियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए जीएसआर 817 दिनांक 28 अगस्त 2018 को वापस लेने की मांग उठाई। इसके साथ ही कॉरपोरेट कम्पनियों द्वारा भारी डिस्काउंट देने की व्यवस्था समाप्त करने एवं कोविड काल के दौरान जारी जीएसआर 220 दिनांक 26 मार्च 2020 को भी निरस्त करने की मांग की गई। चुरहट के समस्त दवा व्यापारी एकत्र होकर बंद को सफल बनाने में सहयोग करते नजर आए। व्यापारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# नगर पालिका मतदाता सूची में दावा-आपत्ति का अवसर 25 तक

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 मई। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगरपालिका परिषद सीधी ने बताया कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के आदेश दिनांक 23 अप्रैल 2026 के अनुसार नगरपालिका की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण-2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों में सुधार कराने तथा मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने हेतु 15 मई से 25 मई 2026 अपराह्न 3 बजे तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके लिए प्रत्येक वार्ड हेतु प्राधिकृत कर्मचारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। बताया गया कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक 22 मई से नपा क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सुव्यवस्थित एवं समयसीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से सीएमओ नगरपालिका परिषद सीधी को निर्देशित किया गया है कि दावा-आपत्ति की निर्धारित समयावधि के संबंध में लाउड स्पीकर वाहन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस प्रक्रिया का लाभ उठा सकें। नगरपालिका क्षेत्र के सभी 24 वार्डों में 2 दिवस के भीतर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा की गई कार्रवाई का फोटो सहित पालन प्रतिवेदन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सीधी तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।






# राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक तकनीक, कम्प्यूटर के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की : ज्ञान

## भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, बस स्टैण्ड में आयोजित हुई विचार संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 मई। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, सूचना क्रांति के जनक एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुराने बस स्टैण्ड में विचार संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को स्मरण किया।**



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक तकनीक, कम्प्यूटर और दूरसंचार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। उन्होंने गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए। ज्ञान सिंह ने कहा कि आज देश में जो सूचना एवं तकनीकी क्रांति दिखाई दे रही है, उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी ने ही रखी थी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने, युवाओं को मतदान का अधिकार 18 वर्ष की आयु में दिलाने तथा देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना राजीव गांधी ने देखा था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। विचार संगोष्ठी में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दूरदर्शी नेता बताया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में आधुनिक भारत की अवधारणा को मजबूत किया तथा विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में भारत को नई पहचान दिलाई। सभा के अंत में सभी ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने एवं देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सहकारी बैंक राजेन्द्र भदौरिया, संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, सुरेश प्रताप सिंह, दिनेश पाठक, करुण सिंह, हरिहर सोनी, कुमुदिनी सिंह, हल्के सोनी, जय सिंह, शीलारानी साकेत, ओमकार सिंह कर्चुली, दिलीप सितानी, दया वर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, अखण्ड सिंह, अब्दुल मजीद, मो.हफीज, अरविंद तिवारी, पुष्पा सिंह, माधुरी सिंह, प्रियंका सिंह, रेखा सिंह, गौरी साकेत, इंदू सिंह, कमलेंद्र सिंह, विजय सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, ब्लॉक, मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्ष, पदाधिकारी, विभिन्न सहयोगी प्रकोष्ठ एवं संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।